स्वच्छता मिशन 2020 के अंतर्गत जबलपुर में शहर स्वच्छता प्रतियोगिता एवं मद्यपान निषेध सप्ताह का आयोजन

स्वच्छता मिशन 2020 के अंतर्गत अंतर महाविद्यालयीन स्वच्छता प्रतियोगिता दिनांक 15.09.2019 से 25.09.2019 के मध्य नगर निगम द्वारा संपन्न कराई गई। जिसमे शहर के समस्त महाविद्यालयों के भवनों, बरामदे, शौचालयों, कक्षाएं, महाविद्यालय परिसर के भीतर एवं बाहर की सफाई का निरीक्षण नगर निगम द्वारा गठित विशेष समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, एवं उसके अतंर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में भी स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय को शहर के सभी विश्वविद्यालयों में से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न विभागों एवं छात्रावासों का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें पशु विष एवं भेषज विज्ञान विभाग को प्रथम, पशु व्याधि विज्ञान विभाग को द्वितीय एवं पशु पोषण विभाग, को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही शहर के सभी महाविद्यालयों के छात्रावासों के मध्य पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के सुभाष छात्रावास को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में गांधी जयंती की 150वीं वर्षगांठ का आयोजन मद्यपान निषेध सप्ताह के रूप में दिनांक 02 से 08 अक्टूवर 2019 के मध्य आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दिनांक 02 अक्टूबर 2019 को महाविद्यालय में प्रातः 06:00 बजे महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया तथा नगरवासियों को मद्यपान न करने हेतु जागरूक किया गया। इसी श्रृखंला में दिनांक 03 अक्टूबर को महाविद्यालय सभागार में मुख्य अतिथि माननीय कुलपति डॉ. प्रयागदत्त जुयाल जी, विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता संकाय, डॉ. एस.एन.एस. परमार एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा की अध्यक्षता में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों ने मद्य निषेध की प्रतिज्ञा ली, एवं शपथ पत्र भरा। तदोपरांत महात्मा गांधी के साहित्य सत्य के प्रयोग एवं हिन्द स्वराज के विभिन्न गद्यांशो का वाचन प्राध्यापकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों के द्वारा किया गया। दिनांक 05 अक्टूबर को मद्यपान से होने वाली हानियां विषय पर छात्र–छात्राओं के द्वारा भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में मद्यपान से होने वाली हॉनियों के बारे में बताया एवं मद्य से दूर रहने के सुझाव दिए। इस कार्यक्रम में डॉ. सुनील नायक, डॉ अंजू नायक, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. अजय राय एवं समस्त प्राध्यापक, छात्र–छात्राएं एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर